wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-52 सागवाड़ा, शनिवार, 16 अक्टूबर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहां, संगठन में बड़े स्तर पर होगा बदलाव

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने बड़ा बयान दिया है। पूनियां ने भाजपा मुख्यालय पर मीडिया से बातचीत में कहा कि निष्क्रिय लोगों की पार्टी में कोई जगह नहीं है। जो समय दे सकेंगे और सक्रियता से काम करेंगे, उन्हें ही रखा जाएगा। यहां उपकृत करने का काम नहीं है। सभा के काम की समीक्षा बराबर होती है। जिस तरीके की टीम की जरूरत है, उस हिसाब से बदलाव की आवश्यकता रहेगी।कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में राहुल गांधी के अध्यक्ष बनने से मना करने के सवाल पर पूनियां ने कहा कि इसमें कोई नई बात नहीं है। मां रहेगी या बेटा रहेगा। अगर कोई बाहरी बनता तो ताज्जुब होता। मुझे लगता नहीं लगता कि नेहरू—गांधी खानदान और कांग्रेस पार्टी किसी बाहरी व्यक्ति को अध्यक्ष बनाने की हिम्मत कर पाएगी। अगर वो ऐसा कर लेते तो शायद कांग्रेस में बिखराव नहीं होता।

## एसपी जोशी बिछीवाडा क्षेत्र के दौरे पर रहे

**डूंगरपुर।** एसपी सुधीर जोशी शनिवार को डूंगरपुर जिले के क्षेत्र के दौरे पर रह। इस दौरान एसपी जोशी ने बिछीवाडा में सीएलजी सदस्यों की बैठक ली। बैठक में बिछीवाडा प्रधान देवराम रोत, थानाधिकारी रंजित सिंह सहित सभी सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक मौजूद रहे। बैठक में एसपी सुधीर जोशी ने क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं व कानून व्यवस्था को लेकर सदस्यों से चर्चा की।

इस दौरान सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में एसपी को अवगत करवाया जिस पर एसपी ने थानाधिकारी को पुलिस से जुड़े समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। वही बैठक में एसपी ने आगामी त्योहारों के दौरान शान्ति व कानून व्यवस्था बनाए रखने व कोरोना गाइड लाइन की पालना करते हुए त्यौहार मनाने के भी निर्देश दिए।

## रीट पेपर लीक मामले में दायर पीआईएल पर सुनवाई सोमवार को

**जयपुर।** रीट भर्ती-2021 में कथित पेपर लीक और अनियमिता को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। भागचंद शर्मा की ओर से दायर इस याचिका में कहा गया है कि भर्ती परीक्षा के पूर्व ही अनाधिकृत लोगों के पास पेपर आ गया था।

वहीं कई परीक्षा केन्द्रों पर दिए गए पेपर की सील खुली हुई थी और बुक नंबर भी मार्कर से बदले हुए थे। पेपर लीक होने से परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठने लगे हैं। याचिका में कहा गया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने रीट परीक्षा की मॉनिटरिंग के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर सीसीटीवी लगाए थे, लेकिन राज्य सरकार की ओर से इंटरनेट पर रोक के चलते इन कैमरों का उपयोग ही नहीं हो सका।

राज्य सरकार ने रीट पेपर आउट होने के चलते ही कई अफसरों का निलंबन किया है, जो कि इस भर्ती में अनियमितता को उजागर करता है। इसलिए मामले की किसी भी केन्द्रीय जांच एजेंसी से निष्पक्ष जांच करवाई जाए. वहीं मामले की सुनवाई होने तक अंतरिम आदेश के जरिए इसके परिणाम जारी करने पर रोक लगाई जाए।

# बाइक चोर गिरोह का खुलासा, दो आरोपियों को गिरफ्तार

**दोवड़ा।** डूंगरपुर जिले की दोवडा थाना पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने चोरी की 5 बाइक भी जब्त की है। दोवडा थानाधिकारी कमलेश चोधरी ने बताया की टाटिया निवासी कांतिलाल पटेल ने एक अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दी थी की 30 सितम्बर की रात को उसके घर के बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई है 7 पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर व तकनिकी जांच से पुलिस ने उंदरडा निवासी संजय रोत व धनेश्वर रोत को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों आरोपियों ने उक्त घटना के साथ बाइक चोरी की अन्य वारदाते भी कबुली। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया वही आरोपियों के कब्जे से चोरी की 5 बाइक भी बरामद की। इधर पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



## सीमेंट मिक्चर मशीन चोरी होने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

**डूंगरपुर।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने सीमेंट मिक्सर मशीन चोरी होने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाने के सीआई दिलीपदान ने बताया की डूंगरपुर शहर के आदर्श नगर में 10 सितम्बर को एक सीमेंट मिक्सर मशीन चोरी हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी।

पुलिस ने तकनिकी सहायता व मुखबिर तंत्र की मदद से डचकी निवासी पप्पू कलासुआ और माथुगामडा फला टापरा निवासी धुलेश्वर कटारा को हिरासत में लिया। जिन्होंने पूछताछ में वारदात करना कबूल किया। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में और भी वारदाते खुलने की संभावना है।

## गहलोत सरकार की सख्ती, एनसीआर में पटाखे बेचने पर 10 हजार का जुर्माना



**जयपुर।** प्रदेश के एनसीआर से जुड़े अलवर और भरतपुर जिले में आतिशबाजी को लेकर सरकार से सख्ती दिखाई है। एनसीआर क्षेत्र में पटाखे बेचने और चलाने पर सरकार ने जुर्माने का प्रावधान रखा है। एनसीआर में अगर कोई आतिशबाजी बेचता हुआ मिला तो उस पर 10 हजार का जुर्माना पटाखे चलाने पर 2 हजार का जुर्माना लगेगा।

इसे लेकर शनिवार को गृह विभाग ने आदेश जारी किए हैं। आदेशों के मुताबिक एनसीआर क्षेत्र में किसी भी तरह की आतिशबाजी बेचने वाले दुकानदार को 10 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया जाएगा। इसके अलावा पटाखे चलाते हुए पाए जाने पर उस व्यक्ति के खिलाफ 2 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा।

दरअसल कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर रोगियों और जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए एक उपाय के रूप में राज्य के एनसीआर क्षेत्र में पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। हालांकि सरकार ने एनसीआर क्षेत्र को छोड़कर शेष सभी जिलों में ग्रीन पटाखे जलाने और बेचने की अनुमति दी है।

गौहतलब है कि गहलोत सरकार ने शुक्रवार को एनसीआर क्षेत्र को छोड़कर प्रदेश में आतिशबाजी बेचने और चलाने 1 अक्टूबर 2021 से लेकर 31 जनवरी 2022 तक लगी रोक को समाप्त करते हुए ग्रीन आतिशबाजी की अनुमति दी है।

# विद्या निकेतन भीलूडा में कन्या भारती का गठन कर दिलवाई शपथ

**सागवाड़ा।** विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय भीलूडा में कन्या भारती का गठन किया गया जिसमें रोशनी खांट अध्यक्ष, हीना रेबारी उपाध्यक्ष, तारा कालोत मंत्री, ईशा पाटीदार सह मंत्री, तनुश्री पण्ड्या कोषाध्यक्ष, कल्पना रोत सेनापति, उर्वशी डामोर उप सेनापति, विधि यादव अनुशासन प्रमुख, नेहा खांट सह अनुशासन प्रमुख, रिद्धि पाटीदार वन्दना प्रमुख, नेन्सी गर्ग सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रमुख, प्रांशु शर्मा अतिथि व्यवस्था विभाग प्रमुख तथा हेनी भट्ट को खेलकूद प्रभारी नियुक्त किया गया। बालिका शिक्षा प्रमुख सीमा जोशी ने उनके विभाग वार करणीय कार्यों पर



प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश व्यास ने पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई। शपथग्रहण समारोह में कल्पना व्यास, करूणा जोशी, लता भट्ट, संध्या पंड्या, मोनिका सुथार, चिराग मेहता, दीक्षांत सुथार मौजूद थे।

## राउमावि रामसौर में 25 से होगी खो खो प्रतियोगिता

**सीमलवाड़ा।** ब्लॉक स्तरीय शारीरिक शिक्षकों की आवश्यक बैठक पंचायत समिति सीमलवाडा सभा कक्ष में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण लाल डामोर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर विचार विमर्श किया गया जिसमें सीमलवाड़ा ब्लॉक को खो-खो प्रतियोगिता का दायित्व मिला है जिसे राउमावि रामसौर जूना में 25 अक्तूबर से 28 अक्तूबर तक आयोजित करवाया जाएगा। वही मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण डामोर ने सभी शारीरिक शिक्षकों से खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने को लेकर तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया है।

अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनोज कलाल ने भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में ब्लॉक क्षेत्र के 24 विद्यालयों के शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे। वही बैठक के दौरान नवनियुक्त अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम धनपाल भोई का माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक में भूपेश कोठारी,नरेंद्र सिंह चौहान, सोमेश्वर, रमेश चंद्र पटेल, रमेश त्रिवेदी, माधव लाल पाटीदार, जीवराम रोत समेत शारीरिक शिक्षक मौजूद रहे। प्रतियोगिता आयोजक स्कूल के प्रिंसिपल जसवंत लबाना, धनराज यादव ने भी मार्गदर्शन किया। बैठक का संचालन शारीरिक शिक्षक देवेंद्र किया।

## सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी भाजपा

**जयपुर।** भाजपा मुख्यालय पर शनिवार को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में सरकार के खिलाफ आने वाले दिनों में किए जाने वाले आंदोलन की रणनीति बनाई गई। इसके तहत सबसे पहले पार्टी की ओर से विधानसभा, फिर जिला और फिर प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां की अध्यक्षता में हुई बैठक में सशक्त मंडल व इसी तरह के अन्य कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान प्रवास पर गए नेताओं की रिपोर्ट ली गई है। बैठक में निर्देश दिए गए कि पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति अतिशीघ्र की जाए। रविवार को भी भाजपा मुख्यालय पर पूनियां की अध्यक्षता में सुबह 10.30 बजे संगठनात्मक बैठक होगी। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

## डूंगरपुर एकेडमी में 15 तीरंदाजों को सिखाए जाएंगे गुर

### 26 से 29 अक्टूबर तक जयपुर में लगाएंगे निशाना

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर तीरंदाजी एकेडमी में इस साल पहला चयन ट्रायल होगा। जिसमें चयनित 15 तीरंदाजों को डूंगरपुर एकेडमी में तीरंदाजी के गुर सिखाए जाएंगे। इसके लिए 26 से 29 अक्टूबर तक जयपुर में चयन ट्रायल होगा, लेकिन इससे पहले तीरंदाज 24 अक्टूबर तक डूंगरपुर खेल विभाग में आवेदन कर सकेंगे।चयन ट्रायल के दौरान तीरंदाजों को कई तरह की परीक्षा से गुजरना होगा। इसमें खिलाड़ियों को मेडिकल टेस्ट के अलावा शारीरिक मापदंड भी पूरे करने होंगे। इसमें 800 मीटर दौड़, 10 मीटर शटल रन, 30 मीटर फ्लाई रन, फ्लेक्सिबिलिटी, स्टैंडिंग ब्रॉड जम्प, वर्टिकल जम्प, मेडीसिन थ्रो बॉल के अलावा आर्चरी स्किल टेस्ट से गुजरना होगा। अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज और डूंगरपुर तीरंदाजी एकेडमी के तीरंदाजी कोच नरेश डामोर ने बताया कि डूंगरपुर तीरंदाजी एकेडमी इस साल से शुरू हो रही है। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की ओर से प्रदेश की तीन अलग-अलग एकेडमी में प्रवेश के लिए 26 से 29 अक्टूबर तक चयन ट्रायल किया जाएगा। पहली बार एकेडमी में 13 से 16 वर्ष के 15 छात्रों का चयन किया जाएगा। चयन ट्रायल जयपुर में होगा। लेकिन चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए तीरंदाज खिलाड़ियों को 24 अक्टूबर तक डूंगरपुर खेल विभाग में ऑफ लाइन आवेदन जमा करवाना होगा।

## एमएमबी ग्रुप व बोहरा समाज की दाना कमेटी ने दी बच्चों को खुशियां



**डूंगरपुर।**

एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर और बोहरा समाज कि दाना कमेटी के सयुंक्त तत्वावधान शनिवार सुबह तपस मुक-बधिर संस्थान मे अध्ययनरत बच्चो को बिस्किट, चोकलेट, कैक व मास्क जिला अस्पताल चौकी प्रभारी रामस्वरूप मीणा, ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी, अली असगर, संदीप सेठिया व तपश के पुरनमल के हाथों वितरित किये गये।

ग्रुप के सदर नूर मोहम्मद मकरानी ने बताया कि ग्रुप कि और से मस्तान बाबा कि याद मे व बोहरा समाज कि और से मौलाना सैयदना सा के उर्स के उपलक्ष मे ये कार्यक्रम आयोजित किया गया, मुख्य अतिथी रामस्वरूप मीणा ने इस नेक कि तारीफ करते हुए बताया कि जरूरतमंद कि मदद ही सच्ची समाज सेवा है। आभार संस्थान के पुरनमल ने अदा की।

# विकास कार्यों का शिलान्यास, पार्षदों ने बनाई दूरी

**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम के आदर्श नगर जोन के विभिन्न वार्डों में करीब 19 करोड़ रुपए के विकास कार्य होंगे। इनमें सड़क मरम्मत, सड़क निर्माण व फुटपाथ निर्माण सहित अन्य काम शामिल है। महापौर मुनेश गुर्जर व विधायक रफीक खान ने शनिवार शाम को इन विकास कार्यों का शिलान्यास किया। वहीं घाटगेट फायर स्टेशन के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ट्रांसपोर्ट नगर रोटरी सर्किल के पास अम्बेडकर भवन लोकार्पण किया गया। हालांकि इन विकास कार्यों के शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षदों ने दूरी बनाए रखी, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के कई पार्षद कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद उमर दराज भी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। पार्षद उमर दराज का कहना है कि उन्हें निगम के किसी अधिकारी ने कार्यक्रम




की सूचना नहीं दी। विधायक के यहां से भी कार्यक्रम की सूचना नहीं आई। महापौर मुनेश गुर्जर ने बताया कि घाटगेट फायर स्टेशन पर करीब 1.18 करोड़ रुपए खर्च कर वाटर टैंक व विभिन्न विकास कार्य करवाए गए है। इनमें फायर फाइटिंग के लिए वाटर टेंक निर्माण करवाया गया है। इसके साथ ही भूतल पर पंप हाउस निर्माण, पार्किंग, प्रथम तल पर कार्यालय निर्माण के अलावा फर्श व बाउंड्रीवॉल का निर्माण करवाया गया है। इन सभी कार्यों का लोकार्पण किया गया है। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर रोटरी सर्किल के पास 2.40 करोड रुपए में अम्बेडकर भवन में हॉल, कमरों आदि का निर्माण और बाउड्रीवॉल आदि निर्माण किया गया, जबकि 15 लाख रुपए में सौन्दर्यन, नाला मरम्मत, हेरिटेज चित्रकारी आदि का काम किया गया, इन सभी कार्यों का लोकार्पण किया गया। आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में करीब 19 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्याय किया गया।

# शब्दों से ही युद्ध और शुद्ध का वातावरण निर्मित होता - आचार्य अनुभव सागर

### अतिशय तीर्थ योगीन्द्र गिरी पर सिद्धचक्र महामंडल विधान

**सागवाड़ा।** अतिशय तीर्थ क्षेत्र योगीन्द्रगिरी पर यजमान भूरीदेवी रतन लाल खोडनिया परिवार की ओर से सकल दशा हुमड दिगम्बर जैन समाज के संयोजन में ज्ञानामृत चातुर्मास मे विराजित प्रखरवक्ता आचार्य अनुभव सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान मे शनिवार को संहितासूरी प्रतिष्ठाचार्य पं.हसमुख जैन एवं पं.भागचंद जैन धरियावद के द्वारा मंत्रोंच्चारण से सुबह नित्य पूजा,जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक तथा जैनआगम विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान कराए गये।इस आयोजन में नगर पालिका बोर्ड के उपाध्यक्ष राजू भाई घांची, पालिका के पार्षदगण, कलाल समाज चौखला सागवाड़ा ओबरी तथा गरियाता, सर्राफा एसोसिएशन सागवाड़ा एवं गायत्री परिवार के



प्रतिनिधियों ने उपस्थित रहकर खोडनिया परिवारजनो का हार्दिक अभिनंदन किया तथा आचार्य अनुभव सागर महाराज को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वही पर आचार्य के पाद प्रक्षालन का लाभ भी सर्राफा एसोसिएशन ने लेकर गुरु की भक्ति भाव से वन्दना की। यजमान खोडनिया परिवार के नरेंद्र खोडनिया पालिका के अध्यक्ष होने के साथ साथ सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं। धर्मसभा से पहले पूर्व आचार्य चरित्रिक चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर महाराज एवं समाधि सम्राट आचार्य अभिनंदन सागर महाराज के चित्रों का अनावरण और दीप प्रज्वलन गायत्री परिवार द्वारा किया गया।धर्मसभा में आचार्य अनुभव सागर महाराज ने अपने मंगल प्रवचनो में कहा है कि कि सांसारिक जीवन में द्रव्यों तथा पदार्थों को देकर वापस लिया जा सकता है मगर मुंह से बोले गये शब्दों को कभी भी वापस नहीं लिया जा सकता है जैसे शब्दों के भाव होंगे उसी के अनुरूप परिणाम प्राप्त होते हैं।उन्होंने कहा कि शब्दों से ही युद्ध और शुद्ध का वातावरण निर्मित होता है। द्रोपदी के कड़वे शब्दों से जहां एक और महाभारत हुआ वही पर भीषण समय में शुद्ध वाणी,संयम एवं श्रेष्ठ संगत के कारण ही आततायी तथा अनाचारियो का विनाश भी हुआ।उन्होंने कहा कि प्रकाश देता बल्ब सबको नजर आता है लेकिन करंट किसी को नहीं दिखता है। दिनेश खोडनिया ने आभार व्यक्त किया। संचालन राजेंद्र पंचोरी द्वारा किया गया।